हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 35 .4 डिग्री
न्यूनतम 26 .1 डिग्री

12 महिला सशक्तिकरण वर्तमान समय की मांग



12 गांव पाबड़ा में मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित



## खबर संक्षेप

### लड़ाई-झगड़े मामले में उद्घोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ पुलिस ने लड़ाई-झगड़े मामले में उद्धघोषित आरोपी गांव गणेश कालोनी निवासी राजबीर को गिरफ्तार किया है। एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी को थाना शहर हांसी में दर्ज एक लड़ाई-झगड़े के मामले में उद्धघोषित अपराधी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि में रक्तदान शिविर 25 को

**हांसी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा हांसी में 25 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्मकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासकिया दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर बरवाला बाईपास रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज शान्ति सरोवर भवन में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाला गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंबेडकर कॉलोनी निवासी सोनू के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि आरोपी ने कुछ दिन पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट कर दी थी। जिसके खिलाफ शहर थाना हांसी में मामला दर्ज किया गया था।

## मुख्यमंत्री ने किया चार दिवसीय 'स्वदेशी मेले' का उद्घाटन

# केवल डिग्री लेने की बजाय उद्यमी सोच के साथ स्नातक बनें युवा : नायब सैनी

- सरकार एक 'उद्यमिता-सशक्त हरियाणा' की दिशा में काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि हर युवा न केवल डिग्री लेकर, बल्कि एक उद्यमी की मानसिकता के साथ स्नातक हो। उन्होंने कहा कि सरकार एक 'उद्यमिता-सशक्त हरियाणा' की दिशा में काम कर रही है, जहां तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता साथ-साथ आगे बढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को 'विश्व उद्यमिता दिवस' के अवसर पर फ्लेमिंगो टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में आयोजित चार दिवसीय 'स्वदेशी मेले' का उद्घाटन उपरांत युवाओं व स्वरोजगार शुरू करने वालों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुशल युवाओं के लिए बेहतर रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए राज्य में एमएसएमई विभाग की स्थापना की गई है। विदेशों में युवाओं के लिए शिक्षा और रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए विदेश सहयोग विभाग की स्थापना की गई है।



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित स्वदेशी मेले के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### 'स्वदेशी मेले' में 90 स्टॉल पर एसएचजी के उत्पादों का प्रदर्शन

इस चार दिवसीय 'स्वदेशी मेले' में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा लगाए गए 90 स्टॉल पर उनके उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। नायब सिंह सैनी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रस्तुत उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में युवा उद्यमियों द्वारा लगाई गई एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जहां उन्होंने उनसे बातचीत की और उनके स्टार्टअप्स और वार्षिक कारोबार के बारे में जानकारी ली।

### राज्य सरकार युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रयासरत : गंगवा

जन स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दोनों ने युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर आज आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना और 'वोकल फॉर लोकल' पहल को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने आज के युग में युवाओं के सफल जीवन के लिए कौशल विकास के महत्व पर भी जोर दिया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, राज्य सरकार युवाओं के कौशल को निखारने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

### सरकार युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : गौरव गौतम

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार राज्य के युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हरियाणा शिक्षा, खेल, उद्योग और कृषि सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार युवाओं को अधिक रोज़गार योग्य और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यमिता को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल, रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डॉ. बीआर कम्बोज, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रमुख सचिव राजीव रंजन, निदेशक कैप्टन मनोज, मुख्य वक्ता सतीश कुमार, हिसार जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, रवि सैनी, अनिल सैनी मानी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



हांसी। जनरेटर में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकल कर्मी

# एसडी महिला कॉलेज के जनरेटर में शार्ट सर्किट के चलते लगी आग

- आग लगने से मची अफरा-तफरी, 10 लाख के नुकसान का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एसडी महिला महाविद्यालय में गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब महिला कैंटीन के पास रखे 40 किलोवाट के जनरेटर में अचानक धमाका हुआ और देखते ही देखते उसमें आग लग गई। और कुछ ही मिनटों में आग ने भयंकर आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंच करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के समय जनरेटर में करीब 30 लीटर डीजल बताया जा रहा है। लेकिन गनिमत रही कि घटनास्थल के समीप कालेज कैंटीन होने के बावजूद बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के समय कॉलेज परिसर में काफी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।

### कॉलेज स्टाफ ने किया आग बुझाने का प्रयास

कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वह अपने कार्यालय में मौजूद थे कि उन्हें अचानक एक धमाके की आवाज सुनाई दी। और जब वह धमाके की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे, तो देखा कि जनरेटर में आग लगी हुई थी। जिस पर उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस दौरान कॉलेज स्टाफ ने जनरेटर में आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन वो इसमें सफल नहीं हो सके और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंच करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राचार्य सुरेश गुप्ता ने बताया कि आगजनी की इस घटना से कॉलेज को लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जनरेटर में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। वहीं सूचना मिलने पर डीएसपी विनोद शंकर और शहर थाना प्रभारी सदानंद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर पहुंचे डीएसपी विनोद शंकर ने कहा कि गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना हादसा बड़ा हो सकता था। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# जीआरपी ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, एक गिरफ्तार

- मोबाइल चोरी के शक में कर दी थी युवक की हत्या
- ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए 150 से अधिक सीसीटीवी खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जीआरपी पुलिस ने गत 3 अगस्त को रेलवे लाइन पर हुए ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रोहतक जिले के टिटोली गांव निवासी रविन्द्र के रूप में हुई है जबकि वारदात में शामिल एक आरोपी अभी फरार है।

पुलिस का कहना है कि उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ब्लाइंड मर्डर की इस गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने 150 से अधिक सीसीटीवी खंगाले। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि तीन अगस्त की रात को रविन्द्र व उसके एक अन्य साथी ने हाथ बांधकर एक युवक की हत्या कर दी थी। उसकी अभी तक पहचान भी नहीं हो पाई है। पुलिस को मौके से कोई सबूत नहीं मिला।



हिसार। जीआरपी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### सिर पर चोट मारी

आरोपी रविन्द्र ने बताया कि वे घटना की रात ट्रेन में लुधियाना से हिसार आ रहे थे। उन्होंने ट्रेन में अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए लगाया। इस दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया। उन्होंने सोचा कि उनका मोबाइल नीचे की बर्थ पर सो रहे युवक ने चुराया है। इसी शक में उन्होंने हिसार पहुंचे पर नीचे सोये युवक से मारपीट की और बाद में हाथ बांधकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने उसके सिर पर पत्थर आदि से चोट भी मारी।

# ब्लैक फिल्म लगी चार कार व बुलेट पटाखा का 75 हजार का चालान

- ट्रैफिक पुलिस हांसी व नारनौंद पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

ट्रैफिक पुलिस हांसी व नारनौंद पुलिस ने द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर ब्लैक फिल्म लगी दो कारों का 25 हजार रुपये, ड्रिंक ड्राइव एक कार का 15 हजार रुपये का चालान व दूसरी कार का 20 हजार रुपये का चालान कर जब्त किया व बुलेट पटाखा का 15 हजार रुपये का चालान किया गया है

सब इंस्पेक्टर साधुराम ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान रामायण टोल प्लाजा पर एक ब्लैक फिल्म लगी कार का 10 हजार रुपये व ड्रिंक ड्राइव दूसरी कार का 15 हजार व तीसरी कार का 20 हजार रुपये का चालान कर तीनों कारों को जब्त कर लिया गया।



हांसी। ब्लैक फिल्म लगी कार की खिड़की से ब्लैक फिल्म उतराते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### नियमों का उल्लंघन

ट्रैफिक इंचार्ज नारनौंद रामनिवास सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने बताया कि एक बुलेट पटाखा का 15 हजार रुपए का व राजथल नाका पर ब्लैक फिल्म लगी कार का 15 हजार रुपये का चालान किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लघंन के आधार पर सभी वाहनों का कुल 75 हजार रुपए का चालान किया गया।

**अनशन** छात्र मनोज ने हवन में स्वाहा की अपनी डीएमसी की प्रति

# सरकार व हकृवि प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए छात्रों ने किया हवन



हिसार। हवन में अपनी डीएमसी की प्रति को स्वाहा करता छात्र मनोज। फोटो : हरिभूमि

- सीएम की हकृवि में उपस्थिति को देखते हुए पुलिस ने धरनारत छात्रों की निगरानी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन व सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों ने गुरुवार को दूसरे दिन भी धरने दिया। इस दौरान धरनारत विद्यार्थियों व उनके सहयोगी संगठनों ने सरकार व हकृवि प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हवन यज्ञ किया। विद्यार्थी मनोज ने अपनी डीएमसी की प्रति भी हवन में स्वाह कर दी। इसी बीच बुधवार को भूख हड़ताल पर बैठे छह छात्रों का आज अनशन तुड़वा दिया गया, हालांकि धरना जारी है।

आंदोलनकारी छात्रों ने बताया कि प्रशासन ने उन्हें सीएम से मिलाने की भी बात कही, लेकिन सीएम से मिलाने से पहले धरना उठाने की शर्त रखी, जो उन्होंने स्वीकार नहीं की। उधर, हकृवि में सीएम आगमन तथा छात्र आंदोलन के चलते पुलिस पूरा दिन अलर्ट मोड़ में रही। दिनभर धरनारत छात्रों की निगरानी रखते हुए हर गतिविधियों पर नजर रखी। छात्रों को आरोप है कि पुलिस ने उन्हें खाना खाने तक भी नहीं जाने दिया। जब तक सीएम विवि परिसर में रहे, पुलिस उनके पीछे लगी रही।

### मई में शुरू हुआ विवाद

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्टाइफंड बंद करने व एलडीवी सीटें घटाने के विरोध में मई माह से ही विद्यार्थी अपना विरोध दर्ज करवा रहे थे। यह विरोध प्रदर्शन व आंदोलन उस समय और उग्र हो गया जब 10 जून को विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों से दिन में हल्की झड़प हुई और रात को विवाद उस समय और गहरा गया जब दोनों पक्षों की झड़प के दौरान कुछ छात्रों को चोटें आ गई। झड़प के दौरान कई छात्रों को चोटें आई, जिस पर पुलिस ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार, प्रो. राधेश्याम, तत्कालीन सीएसओ सुखबीर सहित कईयों पर केस दर्ज किया था। इस मामले में प्रो. राधेश्याम को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इसके अलावा सुरक्षा कर्मचारियों ने छात्रों पर मारपीट करने व चोटें मारने का आरोप लगाते हुए उन पर केस दर्ज करवाया। इस मामले में कई छात्रों पर केस दर्ज है।





कहानी
अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा, 'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे





उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी


एआई इमेज

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अक्सर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी

बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *




**किताब**: मारी का सफर, **लेखिका**: लावण्या कार्तिक, **अनुवाद**: सीमा, **मूल्य**: 70 रुपए, **प्रकाशक**: एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## जीके क्विज-167



1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।





**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।



**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *



### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया, 'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'


एआई इमेज

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


रितेश, मटियारी


भव्या, बिलासपुर


प्रगति, बिलासपुर


गोपिका, ईमेल से


शुभम, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### रोटरी हिसार ने गंगवा के स्कूल में किया पौधरोपण

**हिसार।** रोटरी हिसार क्लब के अध्यक्ष डॉ. के.के. वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार सुबह पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांव गंगवा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विशाल परिसर में लगभग 100 पौधे लगाए गए। यह इस सत्र का तीसरा पौधरोपण अभियान रहा, जो क्लब के पर्यावरणीय संकल्प की निरंतरता को दर्शाता है। कार्यक्रम में छायादार व हरित पौधों के साथ-साथ विशेष रूप से कदम्ब के पेड़ भी लगाए गए।

### शिक्षा और संस्कार की आवश्यकता : सत्यानंदू

**उकलाना।** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा उकलाना के तत्त्वावधान में चल रहे सन्त समागम के तृतीय दिवस में सोहम पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानन्द महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते कि शिक्षा और संस्कार की महती आवश्यकता है। इससे जीवन में आध्यात्मिक और भौतिक उन्नति होती है। शास्त्रों में कहा भी गया है। मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्य देवो भव। सत्यं वद । धर्मं चर। इत्यादि भाव जागृत रहेंगे तो कल्याण अवश्य होगा।

### सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया : सिवाच

**हिसार।** किसान सभा हरियाणा राज्य कमेटी ने अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के प्रभाव से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा कपास पर 11 प्रतिशत आयात शुल्क में तत्काल प्रभाव से छूट देने के केंद्र सरकार के फैसले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। किसान सभा राज्य सह सचिव दिनेश सिवाच ने बताया कि वित मंत्रालय ने कपास पर लगने वाले 11 प्रतिशत आयात शुल्क को तत्काल प्रभाव से खत्म करने का निर्णय किया है जो कपास उत्पादक किसानों को उजाड़ने वाला निर्णय है। इससे कपास की घरेलू कीमत पर सीधा असर पड़ेगा।

### जेएनवी में कक्षा 6वीं के लिए दाखिले 27 तक

**फतेहाबाद।** गांव खारा खेड़ी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए 27 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी की अध्यक्ष मनदीप कौर ने बताया कि जेएनवीएसटी के लिए 13 दिसंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### पशु तस्करी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पशु तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि 7 अगस्त को पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में अवैध रूप से 12 कटड़े और 8 भैंसों को क्रूरता से भरकर कहीं ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली। मौके से पुलिस ने ट्रक चालक अवतार सिंह पुत्र सुखा सिंह, निवासी गांव नंगल को गिरफ्तार कर लिया और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## आग में जलने से भैंस की मौत, कटड़ा झुलसा

# कुंभा गांव में शॉर्ट सर्किट के चलते पशु बाड़े में लगी आग

■ ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल के गांव कुंभा में गुरुवार तड़के शॉर्ट सर्किट के चलते पशु बाड़े में आग लग गई। जिससे पशु बाड़े में बंधी भैंस की मौत हो तथा एक कटड़ा झुलस गया। पशुबाड़े में लगी आग पर आस-पास के लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग के चलते कमरे की छत जल गई और कमरे में बंधी भैंस पर आ गिरी जिससे भैंस की जलने से मौत हो गई।

कुंभा निवासी धर्मवीर ने बताया कि वह परिवार के साथ घर के आंगन में सोया हुआ था कि गुरुवार तड़के करीब 2 बजे उसके बेटे ने देखा कि पशुओं वाले कमरे से धुआं और आग की लपटें उठ रही हैं। इसके बाद उसके ने कमरे में बंधी भैंस को खोल कर बाहर निकालने का प्रयास किया, जिसमें कटड़ा तो बाहर निकल आया, लेकिन भैंस वहीं फंस गई। इसी दौरान कमरे की जलती छत टूटकर भैंस पर आ गिरी और वह बाहर नहीं निकल पाई। भैंस की मौके पर ही जलने की वजह से मौत हो गई। कटड़ा भी गंभीर रूप से झुलस गया। उसने भैंस और कटड़े को गर्मी से बचाने के लिए कमरे में पंखा लगा रखा था और एक हिस्से मे पशुओं के तुड़ी डाल रखी थी। रात के समय पंखे से निकली चिंगारी तुड़ी पर जा गिरी और उसमें आग लग गई। तुड़ी में लगी आग से कमरे की छत में कड़ियों ने आग पकड़ ली और छत नीचे आ गिरी।



हांसी। पशु बाड़े में मृत भैंस को देखते ग्रामीण

### बकरी चराकर गुजारा

आंखों से कम दिखाई देता है और बकरी चराकर घर का गुजारा करता है। और उसने एक साल पहले उधार रुपए लेकर भैंस खरीदी थी और अब भैंस आठ महीने की गर्भवती थी और भैंस के ब्याने पर उसे बेच अपने मकान की टपक रही छत को बदलने का सपना देख रहा था, लेकिन किस्मत ने उससे उसका यह सहारा भी छीन लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से धर्मवीर सिंह को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की गुहार लगाई है।

## टैगोर स्कूल नारनौंद के तीन विद्यार्थियों ने खेलों में किया स्टेट के लिए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

कस्बे का टैगोर स्कूल शिक्षा व विज्ञान जगत के साथ साथ खेलों में भी नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 58वीं स्कूली प्रतियोगिता का आयोजन हिसार में हुआ।

विद्यालय की होनहार छात्रा एकांतिका राजपुरा ने राज्यस्तरीय विद्यालय खेलों की अंडर-14 ग्रुप में खंडस्तर के बाद जिलास्तर पर टॉप करते हुए स्टेट लेवल के लिए क्वालीफाई किया है। इसके अलावा छात्र लक्ष्य कुम्भा ने अंडर-17 वेट कैटेगरी 70 में वेट लिफ्टिंग में दूसरा स्थान प्राप्त करके स्टेट के लिए क्वालीफाई किया है। इन्हीं खेलों में यमन कुम्भा ने हिसार की कबड्डी टीम में अपनी जगह बनाई है। जो अब स्टेट लेवल पर खेलेगी। यह केवल स्कूल नहीं बल्कि समूचे नारनौंद कस्बे के लिए गौरव का विषय है। बच्चों के स्कूल पहुंचने पर निदेशक तुषांत ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और समस्त टैगोर परिवार व अभिभावकगण को बधाइयां दी।



एकांतिका



लक्ष्य



यमन

### एसडी मॉडर्न स्कूल के यजत ने एथलेटिक्स मीट में जीते दो रजत



*हांसी। हिसार जिले के गांव खरक पुनिया में आयोजित जिला स्तरीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र यजत ने दो रजत पदक जीतकर अपने अभिभावकों, विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्या ऋतू सिंह ने बताया कि यजत ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी गति और सहनशक्ति का प्रदर्शन करते हुए 200 व 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल , कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने यजत को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।*



### श्री काली देवी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया मोक्ष वृद्ध आश्रम का भ्रमण

**हांसी।** राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को श्री काली देवी विद्या मंदिर के कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों ने अध्यापकों व प्राचार्या के साथ मोक्ष वृद्ध आश्रम, हिसार का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक एवं सामाजिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता तथा सेवा-भावना का विकास करना था। विद्यार्थियों ने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया, उनके जीवन के अनुभव सुने। और उन्होंने बुजुर्गों को आवश्यक उपयोगी वस्तुएं भेंट की और उन्हें स्नेह एवं सहयोग का आश्वासन दिया। आश्रम प्रशासन ने विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल से जुड़ी चुनौतियों एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी दी। प्राचार्या गीता मेहता ने विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने, समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हुए कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार की आधारशिला होते हैं। उनके अनुभव और संस्कारों की छत्रछाया में ही हम एक सुदृढ़ समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## कराटे चैंपियनशिप में मानवी ने जीता सोना

■ श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है विजेता खिलाड़ी मानवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मानवी ने 24वीं हरियाणा कराटे चैंपियनशिप 2025-26 में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने अभिभावकों, विद्यालय और हांसी शहर का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित 24वीं हरियाणा कराटे चैंपियनशिप 2025-26 में विद्यालय की छात्रा मानवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है बल्कि पूरे शहर के लिए सम्मान की बात है। विद्यालय प्राचार्या व शिक्षकों ने मानवी की इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी और उसे भविष्य में और भी ऊंचाइयां प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं दी।



हांसी। स्वर्ण पदक विजेता मानवी विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल व कोच।

### अभिभावकों को बधाई दी

विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, उपसचिव लक्ष्मीकांत गोयल, प्रबंधक समिति के सदस्य चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल ने मानवी, विद्यालय प्राचार्या, विद्यालय स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी है।

### लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के छात्र उत्तम का शानदार प्रदर्शन



**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अदम्य ऊर्जा, मेहनत और खेल भावना से ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में धमाकेदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। शतरंज खेल प्रतियोगिता में छात्र उत्तम ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। 11वीं के छात्र उत्तम की कड़ी मेहनत और समर्पण के चलते विद्यालय का नाम ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

## गुजवि को सरकार से मिल रहा पर्याप्त अनुदान : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



■ देश के सबसे तेजी से बढ़ते विवि में एक है गुजवि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि देश के सबसे तेजी से बढ़ते विश्वविद्यालयों में से एक है।

विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में यंग यूनिवर्सिटी केटेगरी में भारत में 41वां तथा विश्व 401-500 रैंक बैंड मिला है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला गुजवि प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति मजबूत है। लगातार नए कोर्स और विकास कार्य विश्वविद्यालय में हो रहे हैं। सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को पर्याप्त वित्तीय सहायता भी मिल रही है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय को सरकार से इस वर्ष 95 करोड़ रूपये का अनुदान मिल रहा है। इसके अतिरिक्त लगभग 99 करोड़ रूपये से अधिक की आंतरिक संसाधनों से भी आय का अनुमान है। विश्वविद्यालय में आर्थिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है। जरूरत के अनुसार शिक्षण खंडों, छात्रावासों तथा अन्य आधारभूत ढांचा विकसित किया जा रहा है।

## स्वर्ण पदक से चमके हांसी के बॉक्सर उदय सिंह

■ अंतराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चीन के शहर जिजिनयन में ले रहा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के छात्र उदय सिंह ने चाइना के शहर जिजिनयन में 3 बैल्ट एंड रोड अंतराष्ट्रीय बॉक्सिंग जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रहा है। यह कैंप 15 से 30 अगस्त तक जिजिनयन में चल रहा है।

बता दें कि उदय सिंह शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग अकादमी हांसी में कोच अपने पिता विनय कुमार से प्रशिक्षण लेते है व निरंतर अभ्यास करते है। उदय सिंह रोहतक में 4 से 7 जून तक हुई चतुर्थ जूनियर बॉयज और गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में उदय सिंह ने 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक के साथ इन्हें बेस्ट प्रोमोजिंग बॉक्सर अवार्ड भी मिला। तत्पश्चात उदय सिंह ने रोहतक में 18 से 25 जून तक आयोजित छठी जूनियर बॉयज और गर्ल्स राष्ट्रीय स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 44 से 46 किलोग्राम वजन के अन्तर्गत रजत पदक हासिल कर चुके है। प्रधानाचार्या लवली चावला ने उदय सिंह को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपका श्रेष्ठ प्रदर्शन अपने सहपाठियों और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत रहेगा।




हांसी। चीन के जिजिनयन में आयोजित ट्रेनिंग कैंप में भाग लेता उदय सिंह।

### हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने दिया धरना, काले बिल्ले लगाकर किया काम

**फतेहाबाद।** हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की एमएम कॉलेज यूनिट द्वारा आज अपनी मांगों को लेकर कॉलेज प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व 19 से 21 अगस्त तक सभी प्राध्यापकों द्वारा काली पट्टी व बिल्ले लगाकर कार्य कर विरोध जताया गया। धरने में एसोसिएशन प्रधान डॉ. सन्ध्याअग्रवाल, उपप्रधान डॉ. सुरेंद्र पाल, ट्रेजरर डॉ. विजय गोयल, सेक्रेट्री विनोद कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी शामिल रहे। धरने के माध्यम से मांग की गई कि ओल्ड पेन्शन को लागू किया जाए। आठवें वेतन संशोधन के समय मौजूदा पेंशनभोगी और भावी पेंशनभोगी के बीच कोई भेदभाव न किया जाए।

## लविश का नेशनल शूटिंग में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र लविश सरदाना ने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली में आयोजित नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप (पिस्टल इवेंट) में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल सब यूथ मैन नेशनल चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने इस उपलब्धि पर लविश को बधाई देते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना गर्व की बात है। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि लविश अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनकी शूटिंग के प्रति लगन अनुकरणीय है। लविश की माता रीमा सरदाना ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से शूटिंग का अभ्यास कर रहे हैं और नेशनल स्तर पर चयनित होना पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है। वहीं, विद्यालय के खेल प्र शि क्ष क रामनिवास श्योकंद ने कहा कि विद्यालय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



छात्र लविश विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु एवं प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल के साथ।

## सीएम के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल अशोभनीय : रामनिवास राड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



■ मनीषा की मृत्यु से पूरे देश के लोग दु:खी

वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास राड़ा ने कहा कि मनीषा की मृत्यु से प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोग दुःखी है। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और न्याय मिलना चाहिए। परिजनों की मांगों को मानते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मामले की सीबीआई जांच के आदेश भी दे दिए हैं। सीएम शुरू से ही मनीषा के परिजनों के साथ खड़े हैं तथा वे स्वयं इस मामले को पूरी गंभीरता से देख रहे हैं।

मनीषा की मृत्यु के मामले में मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं अपने स्तर पर संज्ञान लेने और गंभीरता से कार्य करने के बाद भी कुछ शरारती लोगों ने सीएम को निशाना बनाने की कोशिश की और प्रदर्शन के दौरान उन पर अभद्र टिप्पणियां करते हुए अपशब्द कहे जो कि गलत है। वे एक संवैधानिक पद पर आसीन हैं और उनके प्रति ऐसी भाषा इस्तेमाल अशोभनीय है जिसने भी गलत भाषा का इस्तेमाल किया है उस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## पवित्रता की प्रतीक कुशग्रहणी अमावस्या आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाद्रपद की अमावस्या को कुशोत्पटनी अमावस्या भी कहते हैं। इस बार यह अमावस्या आज शुक्रवार को है। शहर के प्रमुख ज्योतिषविद् पंडित राजेश शर्मा के अनुसार हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व माना गया है। क्योंकि इस तिथि के स्वामी पितृ देवता हैं इसलिए इस दिन पितरों को प्रसन्न करने के लिए श्राद्ध, तर्पण आदि किया जाता है।

इस बार भाद्रपद मास की कुशाग्रहणी पितृ कार्य अमावस्या 22 अगस्त को रहेगी जबकि 23 अगस्त को देव कार्य अमावस्या रहेगी। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि कुशा घास को ऊर्जा का कुचालक माना जाता है इसीलिए पूजा-पाठ आदि के लिए कुशा के आसन पर बैठकर पूजन का विधान है।

### क्या है कुशोत्पाटन



पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि कुशा का उत्पाटन यानी उखाडना कुशोत्पाटन कहलाता है। भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को कुशोत्पाटनी (कुशग्रहणी) अमावस्या कहा जाता है। इस दिन पुरोहित नदियों, तालाबों आदि से कुशा लाकर घर पर रख लेते हैं और सालभर अपने धार्मिक कार्यों के लिए उनका प्रयोग करते हैं। वैसे तो कुशा को कभी भी उखाड़ जा सकता है लेकिन मान्यतानुसार सामान्य दिन यदि कुशा को उखाड़ा जाए तो उसकी शक्ति केवल एक दिन की होती है। यदि कुशा को पूर्णिमा के दिन उखाड़ जाए तो उसका प्रभाव 15 दिन रहता है और सामान्य अमावस्या के दिन उखाड़ी गई कुशा का प्रभाव एक महीने रहता है लेकिन भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन कुशा का उत्पाटन श्रेष्ठ रहता है।

### वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक में वार्षिक मेले को लेकर चर्चा

## अग्रोहा में शरद पूर्णिमा पर वार्षिक मेला 7 अक्टूबर को : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अग्रोहा धाम में 7 अक्टूबर को लगने वाला वार्षिक मेले पर विचार किया गया।

अग्रोहा धाम में शरद पूर्णिमा पर वार्षिक मेला 7 अक्टूबर को लगेगा। अग्रोहा धाम मेले में 6 व 7 अक्टूबर को दो दिवसीय ट्रेड फेयर मेला लगेगा और अग्रोहा धाम में 7 अक्टूबर वार्षिक मेले का शुभारंभ प्रातः 5:00 बजे शक्ति सरोवर स्नान से होगा। 7:00 बजे मंदिरों में आरती होगी। 8:00 बजे महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकली जाएगी। 9:00 बजे भंडारा आरंभ। 10:00 बजे माता लक्ष्मी जी का छप्पन भोग व सवामनि का भोग लगेगा। 10:15 बजे ध्वजारोहण होगा। सम्मेलन व संस्कृतिक कार्यक्रम 12:00 बजे से 3:00 तक रहेगा। गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन आपसी भाईचारे के प्रतीक है जिन्होंने महाराजा अग्रसेन जी का यह संदेश एक रहेगा भारत देश का नारा दिया था और जरूरतमंद को ऊंचा उठाने का काम किया था। इस अवसर पर एनके गोयल, अनिल सिंगला मंगालीवाला, पवन गर्ग, सत्यपाल अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

## खबर संक्षेप

### गांव लाडवा में कबड्डी अकेडमी का शुभारंभ

**हिसार।** कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल द्वारा अपने ही नाम से गांव लाडवा में अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रदीप नरवाल कबड्डी अकेडमी का शुभारंभ किया गया है। प्रदीप नरवाल ने बताया कि कबड्डी अकेडमी लड़कों के लिए शुरू की गई जिसमें 10 साल से 23 साल तक के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अकेडमी में खिलाड़ियां को बेहतरीन सुविधा देने के लिए 60 बैड के हॉस्टल का निर्माण किया गय।

### दो दिवसीय रक्तदान शिविर आज से

**हिसार।** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में एवं विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के हिसार केंद्र द्वारा रक्तदान अभियान 2025 के तहत दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। हिसार केंद्र संचालिका बी.के. रमेश कुमारी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज की सामाजिक सेवा विंग (आरईआरएफ) द्वारा किया जाएगा।

### सिद्धि विनायक मंदिर में कीर्तन व भंडारा 23 को

**हिसार।** प्रभु प्रेमी संघ की हिसार शाखा की ओर से शनिश्चरी अमावस्या के उपलक्ष्य में 23 अगस्त को सायं 6:30 बजे पुष्पा कॉम्पलैक्स स्थित सिद्धि विनायक मंदिर एवं सिद्ध शनिदेव मंदिर में भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संघ के प्रवक्ता कैलाश गोयल ने बताया कि प्रातः 6:30 बजे से शनिदेव पर तेलाभिषेक शुरु होगा। दिन भर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम चलेगा।

### कराटे में दक्ष ने स्वर्ण व धैर्य प्रताप व नैतिक ने जीता रजत

**हिसार।** कुरुक्षेत्र स्थित गीता भवन में आयोजित हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2025-26 (मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स से संबद्ध) में आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा छठी के विद्यार्थी दक्ष गोयट ने स्वर्ण पदक, धैर्य प्रताप ने रजत पदक और कक्षा चौथी के विद्यार्थी नैतिक ने रजत पदक जीत कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

### कॉलेज में उद्यमिता सप्ताह उत्सव 2025 शुरू

**हिसार।** चौधरी भजनलाल राजकीय महाविद्यालय बालसमंद में आज उद्यमिता सप्ताह उत्सव 2025 की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पंकज सोलंकी ने की। उद्घाटन सत्र की मुख्यवक्ता डॉ. प्रोमिला देवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में उद्यमिता केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का मजबूत माध्यम है।

### नगर निगम के सफाई महाअभियान कल से

**हिसार।** शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम के द्वारा 23 अगस्त से वार्ड 10 शिव कॉलोनी से सफाई महाअभियान की शुरुआत की जाएगी। अभियान का नेतृत्व हिसार की विधायक सावित्री जिंदल करेंगी। सफाई महाअभियान में प्रवीण पोपली की दिशा निर्देश पर किया जाएगा। इस दौरान निगम आयुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ प्रदीप हुड्डा सहित अन्य अधिकारी और सफाई कर्मी मौजूद रहेंगे।

### नैतिक शिक्षा नामक पुस्तक का किया लोकार्पण

**बरवाला।** वरिष्ठ समाजसेवी रामलाल वलेचा द्वारा लिखित 11वीं समाज सुधार पुस्तक नैतिक शिक्षा का आनन्दपुर आश्रम बरवाला के संचालक एवं प्रबन्धक महात्मा श्री निज अभेदानंद एवं अखण्ड अलखानंद जी द्वारा लोकार्पण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी रामलाल वलेचा ने बताया कि नैतिक शिक्षा नामक इस पुस्तक को प्रकाशित करने का और निशुल्क वितरित करने का लक्ष्य समाज में पनप रही अनेक प्रकार की बुराइयों का निवारण करना है।

---

## सर्वेश हेल्थ सिटी में नारी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू

# 'महिला सशक्तिकरण वर्तमान समय की मांग'

### महिला मेडिकल चेकअप कैम्प का भी आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सेक्टर 14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी में नारी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान एवं महिला मेडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर प्रवीण पोपली और उनकी धर्मपत्नी मंजू पोपली ने शिरक्त की। इस कैम्प में अखिल भारतीय सेवा संघ, महिला शाखा, हिसार और गुरमुखी कैम्प, गुरुद्वारा सभा और पीस ऑफ माइंड ब्रह्माकुमारी आश्रम जैसी संस्थाए मौजूद थी। कार्यक्रम की संयोजिका ललिता ढ़गिरा रही।

वक्ता एवं मार्गदर्शन में डॉ. सरिता कालरा व डॉ. सुजाता रही। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना। कैम्प में लगभग 50 महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैम्प को संबोधित करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि भारत वर्ष में आदिकाल से ही नारी को वंदनीय माना गया है।

महिला सशक्तिकरण वर्तमान समय की मांग है। महिला सशक्तिकरण से तात्पर्य है कि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता तथा उनके द्वारा स्वयं के अधिकारों का अधिक से अधिक उपयोग करने का सार्थक प्रयास।

इस अवसर पर मंजू पोपली ने कहा कि देश व प्रदेश की उन्नति में महिलाओं का अहम योगदान है। वे पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। पोपली ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाना भी बहुत जरूरी है।



**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

---

# सभी विभागों को मिलकर किसान हित में कार्य करें : डॉ. मंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आदमपुर


**आदमपुर।** गांव सदलपुर में कृषि विज्ञान केंद्र में बैठक संबोधित करते डॉ. बलवान सिंह मंडल।

गांव सदलपुर में स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र मे वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 31वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर चेयरमैन डॉ बलवान सिंह मंडल निदेशक विस्तार शिक्षा, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने शिरकत की। केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. नरेंद्र ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ कार्ययोजना की प्रस्तुति की। डॉ. मंडल ने सभी विभागों को मिलकर किसान हित में कार्य योजना तैयार करने, प्रगतिशील किसानो की डायरेक्टरी तैयार करने व केविके के सामाजिक व आर्थिक प्रभाव का आकलन करने की सलाह दी। उन्होंने युवा उद्यमी तैयार करने, समूह बनाकर खेती करने व मिट्टी-पानी समस्या क्षेत्रो की जांच करने, रिसर्च पेपर लिखने आदि पर जोर दिया। केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप, डॉ. पंकज ने भी प्रोजेक्ट प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें जिला हिसार के कृषि विभाग से डॉ. महिपाल, बागवानी विभाग से डॉ. सुरेंद्र सिहाग, डॉ. सुनील रंगा, पशु सर्जन डॉ. विजय नैन, मत्स्य पालन विभाग से डॉ. विजेंद्र, वानिकी विभाग से सुधीर व पूर्व प्रोफेसर डॉ. ओपी नेहरा मौजूद थे।

---

# गुरु सदैव धर्म का सही मार्ग दिखाते हैं

- हमें गुरु के महत्व को समझना चाहिए और परख कर ही गुरु धारण अवश्य करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

कैमरी रोड स्थित श्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन ओमानंद महाराज ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में चल रहे धार्मिक आयोजन में आश्रम के संचालक महंत श्री राजेश्वरानंद महाराज के पावन सानिध्य में हवन किया गया। इस मौके पर नगर पार्षद एवं समाजसेवी राजेन्द्र बिड़लान ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

इस मौके पर पार्षद बिड़लान ने कहा कि हमें गुरु के महत्व को समझना चाहिए और परख कर ही गुरु धारण अवश्य करना चाहिए क्योंकि गुरु सदैव धर्म का सही मार्ग दिखाते हैं। उसी मार्ग पर चलकर शिष्यों का कल्याण होता है। गुरु व शिष्य का अटूट संबंध होता है क्योंकि एक गुरु के बिना शिष्य का व शिष्य का गुरु के बिना कोई महत्व नहीं होता इसलिए हमें गुरु अवश्य धारण करना चाहिए। इसके अलावा कार्यक्रम में पहुंचे अथितियों को आश्रम की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर चारों धाम पार्क के प्रधान चन्द्र भान गांधी भी मौजूद थे।


**हिसार।** नगर पार्षद राजेन्द्र बिड़लान को स्मृति चिंह भेंट करते महंत राजेश्वरानंद महाराज। फोटो :हरिभूमि

---

# पौधरोपण कर मनाई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा गुरुवार को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 80वीं पुण्य-तिथि गीता भवन में पौधरोपण कर मनाई गई। समारोह में समाजसेवी सुभाष महता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर समिति सदस्यों ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यातिथि महता ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस हिन्दुस्तान को आजाद कराने की मुहिम में सबसे बड़ा योगदान दिया। इस अवसर पर किशोरी नागपाल, रामस्वरूप खट्टर, रविन्द्र सैनी, हमेश खुराना, रमेश भुटानी, फतेह सिंह गुर्जर, शुभम, राहुल, विजयपाल शास्त्री, कश्मीरी लाल ग्रोवर, सन्नी नायक, एडवोकेट सुरेन्द्र राजपाल, हरीश इलावादी आदि उपस्थित थे।


**हांसी।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्य-तिथि पर पौधरोपण करते समिति सदस्य।

---


**हिसार।** नशा मुक्ति अभियान के चलते शपथ लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं को नशे के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना समिति इकाई प्रथम की प्रभारी कुमारी हीना व इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. मधु बाला के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता महाराजा अग्रसेन सामान्य नागरिक अस्पताल में कार्यरत डॉ. मोनिका व सेवानिवृत्त डॉ. ऋतु बांगा रही हैं। डॉ मोनिका ने छात्राओं को रक्तदान के लिए अभिप्रेरित किया। डॉ ऋतु बांगा ने छात्राओं को नशे के प्रति जागरूक किया और शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी ने मुख्य वक्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना समिति की सदस्य सोनल उपस्थित रहीं।

---

# सरकार की नीयत में खोट : राकेश


**हिसार।** बैठक करते इलेक्ट्रीशियन वेलफेयर एसोसिएशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

इलेक्ट्रिशियन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संगठन कार्यालय जयदेव नगर में हुई। इसकी अध्यक्षता इलेक्ट्रिशियन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान तारकेश्वर मिश्रा ने की और संचालन सचिव प्रीतम वर्मा ने किया। मुख्य वक्ता सीटू नेता राकेश गगंवा थे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की नीयत में खोट है। सरकार वास्तविक निर्माण मजदूर का पंजीकरण नहीं करना चाहती जबकि श्रम कल्याण बोर्ड में फर्जी मजदूरों का पंजीकरण हो चुका है। जांच के नाम पर साइट बंद कर मजदूरों को परेशान किया जा रहा है और उन्हें सुविधा के फॉर्म भरने आदि में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नए पंजीकरण भी नहीं हो रहे है। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर इलेक्ट्रिशियन वेलफेयर एसोसिएशन 26 अगस्त को क्रांतिमान पार्क में इकट्ठा होगी और लघु सचिवालय का घेराव करेगी। आज इस बैठक में रोशन लाल जांगड़ा, अजीत सिंह, अमित वर्मा, सुबे सिंह वर्मा आदि रहे।

---

# शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी के समर्थ ने जीता गोल्ड

**हिसार।** हाल में रोहतक में हुई हरियाणा राज्य बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थानीय शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ी समर्थ ने अंडर-15 डबल में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है। कोच साहिल थरेजा ने बताया कि एकेडमी के सभी खिलाड़ी समय-समय पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मैडलों की बौछार करते रहते हैं। अब समर्थ ने अपना दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीतने में कामयाबी पाई। समर्थ अब नेशनल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। कोच साहिल थरेजा ने समर्थ के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उसे बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।


**हिसार।** राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने वाला समर्थ अपने कोच साहिल थरेजा के साथ।

---

### अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका के विरोध में धरना जारी

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका के विरोध में चल रहा धरना गुरुवार को 71वे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे मार्केट के दुकानदारों ने कहा कि शराब ठेका खुलने से पूरी मार्केट में शराब पीने वाले ही दिखाई देने लगे हैं। रोज सुबह आधा घंटा दुकान की सफाई में लगाना पड़ता है क्योंकि गंदगी व शराब की खाली बोलते व कांच दुकान के बाहर पड़े हुए होते हैं।

कौशिक स्टूडियो के मालिक देवकीनंदन ने बताया कि इस ठेके के कारण महिला ग्राहकों का उनके स्टूडियो में आना बिल्कुल बंद हो गया है। भारत कार बाजार के मालिक कृष्ण गोयल ने कहा कि मार्केट का एक शिष्टमंडल पुनः डीईटीसी से मिलेगा।

---

# तिरुपति धाम में धूमधाम से मनाया नंदोत्सव, भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

- तिरुपति धाम के नंदोत्सव में गायकों ने भजनों के माध्यम से किया भगवान की लीलाओं का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

श्री तिरुपति बालाजी धाम में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव के लिए पूरे धाम को लड़ियों, गुब्बारों व मोर की प्रतिकृति से सजाया गया। तिरुपति धाम के गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन के साथ ही पूरे विधि-विधान से भगवान की पूजा व आराधना के बाद नंदोत्सव की शुरूआत हुई। उत्सव में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। प्रसिद्ध गायिका बहन निशा व उनकी मंडली ने भगवान की लीलाओं का भजनों के माध्यम से गुणगान करके पूरे माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। इस अवसर पर अनन्त श्री विभूषित सर्वश्री नारायणाचार्य जी महाराज ने तारामणि देवी अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, उषा अग्रवाल व कल्पना अग्रवाल को सम्मानित किया।


**हिसार।** तिरुपति धाम में आयोजित नंदोत्सव में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

---

### भारतीय मानक ब्यूरो की प्रतियोगिता में मॉडल संस्कृति स्कूल के छात्र प्रदेश भर में प्रथम

**नारनौंद।** कस्बे के मॉडल संस्कृति विद्यालय ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मॉडल स्कूल के बच्चों ने भारतीय मानक ब्यूरो व शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अलग अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी व समाजसेवियों के द्वारा विद्यालय के बच्चों व स्टाफ की जमकर सराहना की जा रही है। विद्यालय के अध्यापक डॉ. अजय लोहान ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो की तरफ से ऑनलाइन राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें हरियाणा के सभी निजी, केंद्रीय व सरकारी विद्यालयों के हजारों बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में नारनौंद मॉडल स्कूल के छात्र अंकुश ने भी हिस्सा लिया और राज्यभर में पहला स्थान हासिल कर 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार जीता है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी अध्यापकों व बच्चों में खुशी का माहौल है। शिक्षा विभाग की तरफ से खंड स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें भी नारनौंद मॉडल स्कूल की छात्रा अंजली ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

---

### एचएसईबी वर्कस यूनियन की विद्युत नगर में प्रदर्शन

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ संबधित एचएसईबी वर्कस यूनियन की विद्युत नगर यूनिट की एस्टेट ऑफिस सब यूनिट ने विद्युत सदन मे प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एस्टेट ऑफिस सब यूनिट प्रधान राजेन्द्र घोड़ेला ने की व संचालन सचिव मनोज शर्मा ने किया। यूनिट प्रधान सुरेश सरसाना ने बताया कि कालोनी मे क्वार्टरो की जर्जर हालात हो चुकी है। पानी की समस्या का समाधान नही किया जा रहा है। यूनिट सचिव दिनेश शर्मा ने कहा कि खाली क्वार्टरों की लिस्ट नहीं लगाई जा रही है। इस मौके पर प्रदीप जांगड़ा, साहिल सुन्दर, राजेश, देवीलाल शर्मा, सत्यनारायण, सुनील सैनी, राकेश, विजयकांत पाण्डे, सुनील, अनिल, विकास, साहिल आदि मौजूद रहे।

---

## कार्यक्रम में संजय विनायक जोशी होंगे मुख्य अतिथि

# पाबड़ा में मेधावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

प्रसिद्ध पंचग्रामी के गांव पाबड़ा स्थित विद्या भारती उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 26 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय विनायक जोशी मुख्य अतिथि होंगे। पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी देते हुए स्कूल की प्राचार्या एवं जिला परिषद की पूर्व उपप्रधान मीना शर्मा तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता कीर्ति रतन शर्मा ने बताया कि समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर जूना अखाड़ा के संरक्षक स्वामी हरी गिरी जी महाराज, खरड़ स्थित स्वामी दीप्तानंद अवदूत आश्रम के संचालक व स्वामी राष्ट्रीय संत सम्मेलन के महामंत्री कृष्णानंद महाराज, स्वामी जयदेव नंद गिरी, गैबी साहब किनाला आश्रम के संचालक, पांच गांव के पंच-सरपंच एवं गणमान्य लोग अतिथियों का स्वागत करेंगे।

इस दौरान निरंजन गोयल, एबीवीपी के अमित खैरी, अनिल शर्मा, पुनीत तायल, सुरेश मय्यड़ भी उपस्थित थे।


**हिसार।** मेधावी छात्र सम्मान समारोह की जानकारी देते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

पेशाब

की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव

परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)

समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा

कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000

अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Rishi Nagar, Hisar